8 समास

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- समास को समझाना।
- समास के भेद, उपभेदों को जानना।
- शब्द-रचना की इस सामासिक प्रक्रिया को सीखना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- अगर दो रंगों का मेल करें तो क्या होगा?
- दो शब्दों के मेल से बने कुछ शब्द बताइए।
- दो शब्दों को मिलाने पर उनकी वर्तनी या अर्थ में क्या कोई अंतर आता है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - शब्द रचना की विधि या शब्द निर्माण की प्रक्रिया समास कहलाती है।
  - समास रचना में दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से एक नया शब्द बनता है।
  - समास प्रक्रिया में जिन दो शब्दों का मेल होता है, उसके अर्थ परस्पर भिन्न होते हैं। योग से बने नए शब्द का अर्थ भिन्न होता है।
  - समास रचना में पहला पद 'पूर्वपद' तथा दूसरा पद 'उत्तर पद' कहलाता है।
  - समास के 6 मुख्य भेद हैं–

    1. तत्पुरुष, 2. कर्मधारय, 3. द्विगु, 4. बहुव्रीहि, 5. द्वंद्व, 6. अव्ययीभाव।
  - दो शब्दों के मेल को समास या 'समस्तपद' कहते हैं और समस्तपद का विग्रह 'समास-विग्रह' कहलाता है।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।